for setting up a Muriate of Potash plant at Tuticorin.

(b) to (d). Do not arise.

सरकारी कार्यालयों में पानी पिलाने के लिये प्रबन्ध

3817. **श्री यु० द० सिंह :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री काशीराम गुप्त :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कार्यालयों में पानी पिलाना चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का काम नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो कर्मचारियों को पानी पिलाने के लिए इस समय क्या प्रबन्ध है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी नहीं। पीने के पानी की पूर्ति करना चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के साधारण कार्य-क्षेत्र के अन्तर्गत आता है।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

अवैध शराब

3818. **श्री यु० द० सिंह :**
श्री बड़े :
श्री काशीराम गुप्त :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि शाहदरा पुलिस ने कुछ साइकिल सवारों से अवैध शराब की 400 बोतलें बरामद की हैं; जिस का समाचार 2 जुलाई, 1966 के 'नवभारत टाइम्स' (पृष्ठ 3 स्तम्भ 4) में प्रकाशित हुआ था ;

(ख) यदि हां, तो उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ग) जनवरी, 1966 से अब तक कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल): (क). 2 जुलाई, 1966 के नव-भारत टाइम्स में ऐसा कोई समाचार नहीं छपा है। परन्तु 2 अगस्त, 1966 के नवभारत टाइम्स में यह समाचार छपा है।

तथ्य इस प्रकार है:—31-7-1966 को शाहदरा पुलिस ने तीन साइकिल सवारों को मुकन्दपुर गांव में विश्वास-नगर से गिरफ्तार किया जिनके पास अवैध शराब की क्रमशः 60, 52 और 58 बोतलें थी। उसी दिन और लगभग उसी समय शाहदरा पुलिस ने झिलमिल कालोनी में अवैध शराब की 70 बोतलें लेकर पैदल जाते हुए एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

(ख) आबकारी अधिनियम की धारा 61 के अन्तर्गत इन व्यक्तियों के खिलाफ चार मामले दर्ज किये गये हैं। मामलों की जांच पूरी कर ली गई है और इनको शीघ्र ही न्यायालय के सुपुर्द किया जायगा।

(ग) शाहदरा पुलिस ने 1-1-1966 से 26-8-1966 तक की अवधि के दौरान आबकारी अधिनियम की धारा 61 के अधीन 224 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

दिल्ली की एक बस्ती को मान्यता देना

3819. **डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी :**
श्री यु० द० सिंह :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री काशी राम गुप्त :
श्री बड़े :

क्या गृह-कार्य मंत्री 27 अप्रेल, 1966